जनराहत के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें : राजेन्द्र भट्ट

- राज्य सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई में लोगों को मिल रही राहत
- बड़गांव उपखण्ड मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे संभागीय आयुक्त

उदयपुर, 13 जुलाई। राज्य सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को जिलेभर में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इस दौरान संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने बड़गांव उपखण्ड मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे। वहां उन्होंने मौजूद अधिकारियों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में चर्चा की और जनराहत के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करते हुए हर परिवादी को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त भट्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने हर वर्ग को राहत प्रदान करने के लिए यह व्यवस्था की है। ऐसे में कोई भी परिवादी आपके पास आता है तो उसे त्वरित राहत प्रदान की जाए ताकि उसे जिला मुख्यालय तक न आना पड़े। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी-कर्मचारी सेवाभाव से कार्य करें और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। उन्होंने विभागवार योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ अंतिम तबके तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना के साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं जनहित की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करने एवं पात्र व्यक्तियों को इनका लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। इस पर आयुक्त ने उचित आश्वासन देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम बहेडिया ने बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रकार के 27 परिवाद प्राप्त हुए जिनका तत्परता के साथ मौके पर निस्तारण करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान की गई। इनमें सबसे प्रमुख समस्या नवरत्न क्षेत्रवासियों की थी, क्षेत्रवासियों ने बताया कि नवरत्न क्षेत्र की 45 कॉलोनियों में यूआईटी द्वारा रिवर फ्रंट गार्डन बनवाया गया है जो दुर्दशा का शिकार हो रहा है। इस पर संभागीय आयुक्त ने यूआईटी सचिव नितेन्द्रपाल सिंह से मोबाइल पर वार्ता कर 7 दिवस में यहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं गार्डन को निखारने के निर्देश दिए। बड़गांव उपखण्ड अधिकारी रमेश चन्द्र बहेडिया ने उपखण्ड क्षेत्र के विकास एवं विभिन्न योजनाओं व फ्लेगशिप कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया। जनसुनवाई में बड़गांव पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास, सरपंच संजय शर्मा, जिला जनअभियोग निराकरण समिति के सदस्य अंबालाल मेघवाल, नजमा मेवाफरोश, सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सौंपा ज्ञापन

बांसवाड़ा, (निसं)। उपखंड पीपलखूंट मुख्यालय के ग्रामवासियों ने जन सुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत को ग्राम पंचायत पीपलखूंट में विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओ के विस्तार के लिए ज्ञापन दिया। ग्राम वासियों ने उपखंड अधिकारी को बताया कि पीपलखूंट में पिछले कई वर्षों से विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओं का अभाव है। आज तक श्मशान घाट का निर्माण नही हुआ है जिसके कारण वर्षा ऋतु में ग्राम वासियों को शव के अंत्योष्टी की समस्या से झूझना पडता है वहीं पीपलखूंट में सार्वजनिक शौचालय की भी कमी है। बाहर से आने वाले व्यापारी, ग्रामीणजन व बस स्टेंड पर उतरने वाली सवारियों, महिलाओं को समस्या का सामना करना पड रहा है। ग्राम पंचायत में लगाए गए लाखो रुपए के बजट के सीसीटीवी कैमरे रखरखाव के अभाव में बंद पडे है जिससे सुरक्षा की कमी है। प्रजापत मोहल्ला घंटाली रोड पर पानी की समस्या के बारे में अवगत कराया गया कि कई समय से नल लाईन डाली गई है लेकिन एक भी नल कनेक्शन विभाग द्वारा नही दिया गया है, मोहल्ले में एक भी रोड लाइट नहीं है जिससे रात के समय अंधेरा होने से महिलाओं व बच्चो में डर बना रहता है वहीं मोहल्ले में शराब की दुकान होने से शाम को शराबियो की लाईन लगी रहती है। इन लोगों ने जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की।

SBI

कृपया ध्यान दें
भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक

बैंक ने ग्राहक के अधिकारों को शामिल करते हुए संशोधित/अनुपूरक लॉकर करार जारी किया है। भारतीय स्टेट बैंक से लॉकर सुविधा का लाभ उठाने वाले ग्राहकों से अनुरोध है कि वे अपनी लॉकर धारक शाखा से संपर्क करें और लागू संशोधित/अनुपूरक लॉकर करार निष्पादित करें।

सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत

- बेतरतीब सड़क पर स्लिप होकर फिसली बाइक

राजसमंद, (निसं)। नेशनल हाईवे नंबर 8 पर उबड खाबड सडक के कारण गुरूवार दोपहर में पिता-पुत्री को अकाल मौत का शिकार होना पडा।

राजनगर सीआई डॉ हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पीपरडा भट्टा गांव के पास उबड-खाबड सडक के कारण एक बाइक सवार का संतुलन बिगड गया और वह अपने परिवार सहित बाइक से नीचे गिर गया, तभी पीछे से आ रही निजी बस ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक व्यक्ती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी और बेटी गंभीर घायल हो गए। जिसके बाद दोनों घायलों को आरके जिला चिकित्सालय लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी बेटी को उदयपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन उदयपुर जाते समय गंभीर रूप से घायल बेटी ने भी दम तोड दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर जिले के गोगुन्दा थाना क्षेत्र के मझावडी निवासी मृतक इद्रलाल (45) पुत्र वरदा गमेती, अपनी पत्नी कमला देवी (4०) और बेटी कालू कुमारी (13) के साथ बाइक पर राजनगर से उदयपुर के लिए जा रहे थे।

उसी दौरान पीपरडा भट्टा के पास सडक उबड-खाबड होने के चलते उसकी बाइक अनकंट्रोल होकर सडक पर गिर गई, इतने में पीछे से आ रही निजी बस ने मोटर साइकिल समेत तीनों सवारों को रौंध दिया। इस घटना में इंद्रलाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसकी बेटी और पत्नी घायल हो गए। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने एनएच 8 जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। करीब आधे घंटे लोगों के प्रदर्शन के चलते एनएच-8 जाम रहा। करीब 2 किलोमीटर तक नेशनल हाईवे के दोनो ओर वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गई। जिसके बाद सूचना पर पहुंची राजनगर थाना पुलिस और अतिरिक्त जाब्ता ने प्रदर्शनकारियों के साथ समझाइश कर हाईवे पर लगे जाम को खुलवाया और यातायात बहाल किया। फिलहाल राजनगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर, हादसे में गंभीर घायल बालिका को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रैफर किया जहां उसने रास्ते में दम तोड दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक पिता-पुत्री के शव को आरके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। जिनका शुक्रवार को पोस्ट मार्टम किया जाएगा।

सार-समाचार

वाहन चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किए पांच वाहन बरामद किए। जिला पुलिस अधीक्षक जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर भुवन भूषण यादव द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों की रोकथाम एवं चोरी करने वालो की धरपकड के दिशा-निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में थानाधिकारी, भुपालपुरा हनवन्त सिंह सौढा मय टीम ने आसूचना के आधार पर मोटरसाईकिल चोरी का संदिग्ध अभियुक्त दिनेश सिंह पुत्र दीपसिंह निवासी जस्सा खेडा, भीम, राजसमन्द को थाने पर लाकर पुछताछ की तो उसने सेवाश्रम पुल के नीचे से अपने साथी ललितसिंह पुत्र दिलीपसिंह निवासी छापली, भीम खेडा, दिवेर, राजसमन्द व रामेश्वर उर्फ ललित पुत्र हजारीलाल निवासी कच्ची बस्ती, बेडवास, उदयपुर के साथ मिलकर स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर पुलिस ने दिनेश, ललितसिंह व रामेश्वर उर्फ ललित को गिरफ्तार कर स्कुटी को बरामद किया गया। जिनसे की गई सख्ती से पूछताछ में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों ने बोहरा गणेश जी से,रूपसागर से, नाथद्वारा से, पेसिफिक कॉलेज के सामने से बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

अवैध शराब से भरा ट्रक जब्त

उदयपुर, (कासं)। आबकारी दल ने कार्यवही के दौरान पचास लाख की अवैध शराब सेभरा ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। आबकारी विभाग की ओर से चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान आबकारी निरीक्षक मुरलीधर सौदा के नेतृत्व में प्रभूलाल, केसरसिंह, मोहननाथ सिपाही मनोज कुमार मय टीम ने गुरूवार तडके उदयपुर बलिचा बाईपास पर मिनी ट्रक को रोक तलाशी ली। जिसमें अवैध शराब के 440 कर्टन पाए गए। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर चालक ऐटा युपी निवासी मलखानसिंहको गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

बदमाशों ने कार फूंकी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में बदमाश कार में आग लगा दी तथा पीडित की स्कूटी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जितेन्द्रजैन पुत्र कन्हैयालाल जैन निवासी रामा सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 12 जुलाई सवेरे आए अज्ञात बदमाश मेरे मकान के बाहर खड़ी कार को आग लगा दी तथा स्कूटी चुरा ले गए। जाग होने पर देखा तो कार जल कर नष्ट हो चुकी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1 (22756)/ 2022-23, Jaipur दिनांक 05/07/ 2023 द्वारा मैसर्स अरावली स्टोन पार्टनर श्री जगदीश कुमार बिश्नोई निवासी फ्लेट नं. 607,द ओरबीट कनीष्क अनार्टमेन्ट, भानबाग, न्यु फतेहपुरा उदयपुर (राज.) के पक्ष में स्वीकृत प्लॉट संख्या 106/2021, क्षेत्रफल 4.5304 हैक्टर, निकट ग्राम डुंगरखेडा, तहसील भीम, जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1 (22361)/ 2022-23, Jaipur दिनांक 08/07/ 2023 द्वारा मैसर्स क्रोसलेण्ड पार्टस प्रा.लि.डायरेक्टर 1. श्री शलभ मेहता 2. सुश्री अंजली मेहता निवासी ओ 12,2 फ्लोर, अशोक मार्ग सी स्कीम जयपुर (राज.) के पक्ष में स्वीकृत प्लॉट संख्या 101/2021, क्षेत्रफल 4.4215 हैक्टर, निकट ग्राम हीराखेडा , तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है । पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

बैठक संपन्न

डूंगरपुर, (निसं)। शिक्षाविद दिनेशचंद्र श्रीमाल ने कहा कि कर्म ही व्यक्ति के भाग्य और जीवन का निर्माण करते हैं। कर्म हमारे उत्थान और पतन का कारण हैं एवं यही हमारे जीवन की दिशा व दशा भी तय करते हैं। शिक्षाविद श्रीमाल गुरुवार को डूंगरपुर ब्लॉक के राउमावि बोरी में आयोज्य मंत्रालयिक कर्मचारियों की बैठक में मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवारत रहते हुए अपने सहकर्मी के साथ सहयोग की प्रवृत्ति रखने से व्यक्ति का जीवन बदल जाता है और उसे अच्छे फल की प्राप्ति होती हैं।

fincare Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **20July 2023 between 11:00 AM - 01:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink - https://gold.samil.in)

BANSWARA - 22660001167829, 22660001379660, 23660000010461, 23660000393688 | **CHITTORGARH** - 22660001377633, 23660000340279, 23660000481313 | **JAIPUR** - 22660000931389, 22660000964466, 22660000974867, 22660000977222, 22660001381135, 23660000227003 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 22660000540294, 22660000550635, 22660001435415, 23660000128859, 23660000136863, 23660000233931, 23660000244180 | **JHALAWAR** - 22660001128353, 22660001155812, 23660000089691, 23660000281389, 23660000384385, 23660000384865 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 22660000977372, 22660001048063, 22660001218004, 22660001303984, 22660001325882, 23660000356789, 23660000389476 | **KOTA** - 23660000211253 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 22660000912505, 22660000970564, 22660000973169, 22660000982892, 22660001312177, 23660000350140 | **SAGWARA** - 22660000922906, 22660001007402, 22660001067707, 22660001373821 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 22660000923514, 22660001401020, 23660000120753, 23660000192656, 23660000226484.

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank

शहरी विकास को लेकर बोर्ड कटिबद्ध : सभापति

डूंगरपुर। नगरपरिषद के साधारण सभा की बैठक सांसद कनकमल कटारा के मुख्य आतिथ्य और सभापति अमृत कलासुआ की अध्यक्षता में गुरुवार को सम्पन्न हुई।

बैठक में आयुक्त दुर्गेश रावल ने बैठक कार्यवाही शुरू करते हुए सभापति को आमन्त्रित किया। सभापति कलासुआ ने कहा कि परिषद का वर्तमान बोर्ड शहरी विकास को लेकर कटिबद्ध है और शहरी विकास को लेकर निरंतर कार्य कर रहा हैए उन्होंने कहा कि शहरी विकास में सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के उद्देश्य को लेकर बोर्ड कार्य कर रहा है उन्होंने साधारण सभा की बैठक में बिंदुवार पाठन शुरू किया जिसमें सर्वप्रथम पत्रकारों को भू-खंड आवंटन करने हेतु विचार विमर्श किया जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया वहीं परिषद कार्यालय में नए पदों का सृजन करनाए कार्यालय अधिकारी और कर्मचारी का बीमा कटौती किए जाने की स्वीकृति पर विचार, नई गैस पाइप लाइन पर सशुल्क भूखंड आवंटन हेतु विचार विमर्श, शहरी क्षेत्र में पेडों की कटाई हेतु नई मशीन ऋृय करने हेतु विचार, पार्षदों को भूखंड आवंटन हेतु राज्य सरकार को पत्र लिखने पर विचार,आईडीएसएमटी योजना में भूखंड सडक मार्ग में जाने से भूखंड के बदले भूखंड देने पर विचारए बेहतर संचार हेतु पुलिस विभाग को फतेहगढी पर टावर हेतु भूमि 3०'3० वर्ग फीट भूमि आवंटन पर चर्चा, परिषद कार्यालय में प्लेसमेंट एजेंसी की नई निविदा पर प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति पर विचार विमर्श किया गया।

मिशन इन्द्रधनुष अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

राजसमंद, (निसं)। जिला संपूर्ण टीकाकरण में प्रदेश में अव्वल है इसलिये हमें हमारी टीम से अपेक्षायें भी ज्यादा हैं। इसलिये पूरे सर्मपण के साथ एएनएम, सीएचओ, आशाओं के माध्यम से गांव, ढांणी व कस्बाई क्षेत्र में सर्वे कर टीकाकरण से वंचित रहे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करें तथा सघन मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम में सभी चिन्हित शत-प्रतिशत बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण पूरा करें।

यह निर्देश सीएमएचओ डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा ने सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के तहत जिला स्तर पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में सभी चिकित्सा अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व आरसीएचओ एवं अभियान के जिला प्रभारी डॉ. सुरेश चन्द्र मीणा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जायेगा। जिसके तहत पहला चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर, तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर को आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक चरण में 6 कार्यदिवसों में अभियान को सम्पादित किया जाएगा।

इस बार अभियान के तहत लाभान्वितों के टीकाकरण का शतप्रतिशत डेटा यू. विन मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से डिजिटली रिकार्ड किया जायेगा।

सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (22820)/ 2022-23, Jaipur दिनांक 08/07/ 2023 द्वारा मैसर्स एलिक्सर एक्सप्लोरेशन एल.एल.पी. केयर ऑफ श्री निमिष सिंघवी निवासी ए 801, लेक गार्डन अपार्टमेन्ट, गोवर्धन विलास, सेक्टर 14, जिला उदयपुर (राज.) के पक्ष में स्वीकृत रेफरेन्स संख्या 20221000070685, क्षेत्रफल 2.3677 हैक्टर, निकट ग्राम देलवाडा, तहसील व जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1 (22720)/ 2022-23, Jaipur दिनांक 05/07/ 2023 द्वारा मैसर्स शर्मा मार्मो एसोसिएट्स प्रा.लि. डायरेक्टर श्री विजय कुमार शर्मा निवासी 501, 5 मन्जील, एपेक्स चेम्बर, 4 सी मधुबन जिला उदयपुर (राज.)के पक्ष में स्वीकृत प्लॉट संख्या 107/ 2021, क्षेत्रफल 4.2809 हैक्टर, निकट ग्राम डुंगरखेडा, तहसील भीम, जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

कार्यालय विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी
पंचायत समिति बयाना (भरतपुर)

क्रमांक:-पंसब/लेखा/2023-24/448-452 दिनांक:-12.7.2023

ई-निविदा सूचना सं. 03/2023-24

पंचायत समिति बयाना एवं इसकी अधीनस्थ ग्राम पंचायत खोहरा के लिए महानरेगा एवं ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आपूर्ति बावत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये ई-निविदाये दिनांक 26.07.2023 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

NIB No.-ZBH2324A0080
UBN No.ZBH2324GLRC00160 एवं 00161

विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी
पंचायत समिति बयाना

GRAM PANCHAYAT OFFICE BADI UNDRI, PANCHAYAT SAMITI - GIRWA (UDAIPUR)

LETTER NO:2023/09 DATE: 12.7.2023

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material Supply for Works. Details about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan gov.in. and http://eprocure.gov.in

UBN NO.ZUD2324GLRCOO363

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
Gram Panchayat
BADI UNDRI . P.S.GIRWA

GRAM PANCHAYAT OFFICE UNDRI KHURD , PANCHAYAT SAMITI - GIRWA (UDAIPUR)

LETTER NO:2023/11 DATE: 12.7.2023

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material Supply for Works. Details about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan gov.in. and http://eprocure.gov.in

UBN NO.ZUD2324GLRCOO364

Sarpanch
Gram Panchayat
UNDRI KHURD. P.S.GIRWA

पिकनिक मनाने गए युवक की डूबने से मौत

उदयपुर, (कासं) अपने दोस्त के परिवार को पिकनिक पर लेकर गए उदयपुर निवासी एक युवक की गहरे पानी में डूब कर मृत्यु हो गई । बताया जा रहा है अपने दोस्ते के परिवार को वाघेरी का नाका बांध पर घुमाने के लिए लेकर गया था इसी दौरान उसकी डूबने से मौत हो गयी मृतक का नाम याद राम गुर्जर बताया जा रहा है ।

प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार शाम को याद राम गुर्जर नामक युवक अपने दोस्त के परिवार को घुमाने के लिए वाघेरी का नाका बांध पर लेकर गया था, इसी दौरान वह खुद भी नहाने के लिए गहरे पानी में उतर गया और देखते ही देखते पानी का बहाव तेज़ होने से वह तैर नहीं पाया और डूबने लगा, कुछ ही देर में वह आँखों से ओझल हो गया । युवक के डूबने का अहसास होने के बाद मदद कि गुहार लगाना शुरू किया गया मौके पर पहुची राजसमन्द पुलिस और सिविल डिफेन्स की टीम ने शव की तलाश शुरू की कुछ देर बाद ही अन्धेरा होने के चलते रेस्क्यू ओपरेशन रोकना पडा । गुरूवार को भी टीम को तीन घंटे की मशक्कत के बाद भी जब शव को खोजने में सफलता हासिल नहीं हुई तो स्थानीय गोताखोर केसू गमेती की मदद ली गयी प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक़ केसू गमेती ने थोड़ी ही देर बाद शव को खोज निकला इसके बाद शव को मोर्चरी भिजवाया दिया गया ।

डूंगरपुर बंद का आव्हान

डूंगरपुर, (निसं)। कर्नाटक में जैन आचार्य की हत्या के विरोध में जैन समाज ने 14 जुलाई शुक्रवार को डूंगरपुर बंद का आ ान किया है। बंद को सर्वसमाज एवं विभिन्न संगठनों ने भी समर्थन दिया है। डूंगरपुर में आपातकालीन सेवाओं को छोडकर बाजार पूरी तरह से बंद रहेंगे। जैन समाज एवं सर्व समाज की ओर से शहर में आक्रोश रैली निकाली जाएगी तथा कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की जायेगी। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जैन समाज के बाल योगी युवा संत श्रुतधरनंद महाराज ने बताया कि कर्नाटक में जैन आचार्य कामकुमार नंदीजी महाराज की हत्या कर दी गई। इससे जैन समाज ही नहीं सर्वसमाज एवं विभिन संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। साधु-संतों पर लगातार हो रहे हमले से लोगों में रोष है। उन्होंने कहा की संत है तो धर्म है, जिसकी वजह से आज भी धर्म जिंदा है। उन्होंने कहा कि संतों पर हमले करने वाले, हत्या करने वालों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। इसी के विरोध में 14 जुलाई को शुक्रवार को डूंगरपुर में प्रदर्शन किया जाएगा। सकल जैन समाज के साथ ही सर्वसमाज, व्यापारिक संगठन और कई सामाजिक संगठनों का समर्थन है। श्री जैन नवयुवक मंडल डूंगरपुर के अध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया कि डूंगरपुर बंद को लेकर सुबह से शहर में सभी दुकानें बंद रहेंगी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबाव ग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, बड़ौदा भवन, द्वितीय तल, 13, एयरपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर-302018, फोन नं.: 0141-2727166, ई-मेल: armjai@bankofbaroda.com

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वालो, बंधक रखने वालो और जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो सेक्युरड केडिटर के पास गिरवी है, का कब्जा सेक्युरड केडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'', ''जितनी भी उपलब्ध है'' और ''दायित्व रहित'' के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, सेक्युरड केडिटर की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातों की वसूली हेतु बेचा जाएगा। उधार लेने वाला/बंधक रखने वाला/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

क्रं./लोट सं.	उधार लेने वालों/जमानतदारों/बंधक रखने वालों के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्तियों के साथ अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/वास्तविक)	संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	**मैसर्स यू. एन. ऑटोमोबाईल्स प्राईवेट लिमिटेड** पंजीकृत- यूएन वर्कशॉप, गोवर्धन विलास, एन. एच. 8, बलिचा, उदयपुर, राजस्थान-313001 एवं 4, पंचशील मार्ग, उदयपुर, राजस्थान-313001 ई-मेल: amitprakash1411@gmail.com **जमानतदार-** **श्री अमित प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. श्री इन्दर प्रकाश गुप्ता एवं स्व. श्रीमती अमीता प्रकाश गुप्ता पत्नी श्री अमित प्रकाश गुप्ता** **जरिये कानूनी वारिस-** **(1) श्री अमित प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. श्री इन्दर प्रकाश गुप्ता** **(2) सुश्री प्रियंका शर्मा पत्नी श्री विकास शर्मा (पुत्री) जरिये इसके पॉवर ऑफ अटॉर्नी श्री अमित प्रकाश गुप्ता** **(3) सुश्री सुमाया डालमिया पत्नी श्री रूद्र डालमिया (पुत्री) जरिये इसके पॉवर ऑफ अटॉर्नी श्री अमित प्रकाश गुप्ता** 512, पंचरतन कॉम्पलेक्स, फतेहपुरा, उदयपुर, राजस्थान-313001	मैसर्स यू. एन. ऑटोमोबाईल्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम व्यावसायिक सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 496, मजारा देवाली, उदयपुर अहमदाबाद हाईवे, गोवर्धन विलास, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 12247.50 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: खसरा नं. 497, पश्चिम: रोड, उत्तर: प्लॉट नं. 2, दक्षिण: ट्रांसपोर्ट नगर खसरा नं. 559 **सरसाई चार्ज केवल बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ पंजीकृत है।** **ऋण भार: ज्ञात नहीं**	रूपये 2,09,16,40,131/- दिनांक 30.06.2023 को बकाया एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्च इत्यादि।	23.08.2023 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)	आरक्षित मूल्य- रूपये 811.34 लाख; धरोहर राशि- रूपये 81.14 लाख; बोली वृद्धि राशि- रूपये 1,00,000/-	सांकेतिक	17.08.2023 सुबह 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक
		मैसर्स यू. एन. ऑटोमोबाईल्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम व्यावसायिक सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 2, खसरा नं. 496, मजारा देवाली, उदयपुर अहमदाबाद हाईवे, गोवर्धन विलास, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 13182 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: खसरा नं. 497, पश्चिम: रोड, उत्तर: प्लॉट नं. 3, दक्षिण: प्लॉट नं. 1 **सरसाई चार्ज केवल बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ पंजीकृत है।** **ऋण भार: ज्ञात नहीं**			आरक्षित मूल्य- रूपये 766.94 लाख; धरोहर राशि- रूपये 76.70 लाख; बोली वृद्धि राशि- रूपये 1,00,000/-	सांकेतिक	
		मैसर्स यू. एन. ऑटोमोबाईल्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम व्यावसायिक सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 3, खसरा नं. 496, मजारा देवाली, उदयपुर अहमदाबाद हाईवे, गोवर्धन विलास, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 12765 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: खसरा नं. 497, पश्चिम: रोड, उत्तर: खसरा नं. 493, 494 की अन्य भूमि, दक्षिण: प्लॉट नं. 2 **सरसाई चार्ज केवल बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ पंजीकृत है।** **ऋण भार: ज्ञात नहीं**			आरक्षित मूल्य- रूपये 716.38 लाख; धरोहर राशि- रूपये 71.64 लाख; बोली वृद्धि राशि- रूपये 1,00,000/-	सांकेतिक	
		मैसर्स यू. एन. ऑटोमोबाईल्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम औद्योगिक सम्पत्ति जो कि उप-विभाजित प्लॉट नं. ए-84 सी, मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, मादड़ी, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 6728.49 वर्ग मीटर है। जो मूल रूप से औद्योगिक भूमि का अविभाजित प्लॉट नं. ए-84ए (i) एवं (ii) जो मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, मादड़ी, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: मैसर्स कुमावत एण्ड कंपनी, पश्चिम: रोड, उत्तर: प्लॉट नं. ए-84(ए), दक्षिण: प्लॉट नं. ए-84 **सरसाई चार्ज केवल बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ पंजीकृत है।** **ऋण भार: ज्ञात नहीं**			आरक्षित मूल्य- रूपये 1211.13 लाख; धरोहर राशि- रूपये 121.12 लाख; बोली वृद्धि राशि- रूपये 1,00,000/-	वास्तविक	
		मैसर्स यू. एन. ऑटोमोबाईल्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम व्यावसायिक सम्पत्ति जो खसरा नं. 600, 601, 601/1341/3, 597/2, 601/1341/2, 597/1, गांव नेत्रा, ग्राम पंचायत नेत्रा, तहसील सुमेरपुर, जिला पाली, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 6100 वर्ग मीटर है। सीमाएं- पूर्व: अन्य भूमि, पश्चिम: रोड, उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: अन्य भूमि **सरसाई चार्ज केवल बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ पंजीकृत है।** **ऋण भार: ज्ञात नहीं**			आरक्षित मूल्य- रूपये 396.00 लाख; धरोहर राशि- रूपये 39.60 लाख; बोली वृद्धि राशि- रूपये 50,000/-	सांकेतिक	

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से **दूरभाष नं.- 0141-2727166, मोबाईल नं. 9460387114** पर संपर्क कर सकते है।

विवरण के लिए यहां स्कैन करें

दिनांक: 12.07.2023
स्थान: जयपुर

हस्ता.
प्रताप सिंह मीणा
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा